राजस्थान सरकार

आयुक्तालय

मिड–डे मील योजना

(Mid Day Meal Scheme)

मध्याह्न भोजन योजना
Mid Day Meal Scheme

क्रमांक–एफ4(378) / प्रा.शि. / एमडीएम / IVRS(जिलो में पत्राचार) / 2016–17 / 697 दिनांक : 5-9-19

जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)
माध्यमिक /प्रारम्भिक शिक्षा
जिला समस्त

विषयः–माह सितम्बर, 2019 को पोषण माह के रूप में मनाये जाने के संबंध में।
संदर्भ :– भारत सरकार से प्राप्त पत्र दिनांक 30.8.2019 के क्रम में।

महोदय,

भारत सरकार के सदंर्भित पत्र के अनुसार माह सितम्बर–2019 को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जाना है। इस क्रम में राष्ट्रीय पोषण अभियान के अन्तर्गत माह सितम्बर, 2019 में जिला स्तर/ब्लॉक स्तर पर निम्नानुसार गतिविधियां सम्पादित कराये जाने के निर्देश प्रदान किये जाते है :–

1. विद्यालयों में विद्यालय प्रबन्धन समिति की विशेष बैठक आयोजित की जावे जिसमें पोषण एवं न्यूट्रीशन के संबंध में जानकारी दी जावें।
2. विद्यालयों में खाना खाने से पूर्व छात्र–छात्राओ को हाथ धोने, नाखून काटने एवं साफ सफाई का ध्यान रखने के सम्बंध में भी जानकारी दी जावें।
3. छात्राओं को संतुलित पोषक तत्वो से भरपूर डाईट एवं एनीमियां, उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी जावें।
4. छात्र–छात्राओं एवं अभिभावकों के साथ पोषण माह को जन आंदोलन के रूप में मनाते हुए संबंधित आयोजन की गतिविधियों की फोटोग्राफ्स, वीडियो भारत सरकार के डेशबोर्ड पर poshanabhiyan.gov.in and rajmdm@rediffmail.com पर भिजवायें ताकि इसे भारत सरकार की बेवसाईट पर अपलोड कराया जा सके।
5. विद्यार्थियों में प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता विकसित करने हेतु विद्यालयों में इको क्लब एवं किचन गार्डन विकसित किये जावें।

Eco Clubs में सम्पादित की जाने वाली कुछ प्रमुख गतिविधियां

1. विद्यार्थियों को अपने आस–पास के वातावरण को वृक्षारोपण कर हरा–भरा और स्वच्छता के लिए प्रेरित करना।
2. विद्यार्थियों को जहॉ तक संभव हो सके कचरा कम करने के लिए प्रेरित करना (Separating of waste & disposing the waste) तथा कचरा प्रबंधन के बारे में जानकारी देना।
3. जल संरक्षण की जानकारी देना।
4. प्लास्टिक का उपयोग ना करने लिए प्रेरित करना।
5. वृक्षारोपण अभियान किया जाये तथा प्रश्नोत्तरी, व्याकरण तथा पेंटिग प्रतियोगिता द्वारा प्रेरित किया जाये।

राजस्थान सरकार

आयुक्तालय

मिड–डे मील योजना

(Mid Day Meal Scheme)

मध्याह्न भोजन योजना
Mid Day Meal Scheme

किचन गार्डन की स्थापना

1. मिड–डे मील के अन्तर्गत ताजी सब्जियों के उपयोग के लिए किचन गार्डन की स्थापना की जावें।
2. जिन विद्यालयों में भूमि उपलब्ध न हो वहॉ बर्तन, कन्टेनर, उपयोग में ना आने वाले बर्तन, लकडी की पेटी, सिरेमिक के सिंक, आटे का थैला आदि में भी मिटटी और बीज रोपण कर सब्जियों का उत्पादन किया जा सकता है।

अतः उक्तानुसार की गई कार्यवाही की सूचना मय फोटोग्राफस के विभाग को भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

आयुक्त,
मिड–डे मील

प्रतिलिपि – निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. जिला कलेक्टर जिला समस्त।
2. मुख्य ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी समस्त।

अति0आयुक्त,(वित्त)

पता :– प्रशासनिक भवन, शिक्षा संकुल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर, सम्पर्क : 0141 – 2701960, 2701694 (टेली / फैक्स),
ई–मेल mdm-rj@nic.in./rajmdm@rediffmail.com